BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 17 मई, 2025 **थाना अहमदगढ**

व्यापारी को फोन कर 20 लाख रुपये की मांग करने वाले 02 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 17.05.2025 वादी संजय कुमार अग्रवाल निवासी ग्राम व थाना अहमदगढ जनपद बुलन्दशहर ने थाना अहमदगढ पर सूचना दी कि दिनांक 16.05.2025 की रात्रि में अज्ञात अभियुक्तों द्वारा उसे व उसके पुत्र को मोबाइल फोन पर कॉल कर तथा व्हाटसएप पर एक ऑडियो क्लिप भेजकर 20 लाख रुपये की मांग की गयी तथा न देने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अहमदगढ पर मुअसं-122/25 धारा 308(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के क्रम में स्वाट टीम व थाना अहमदगढ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 17.05.2025 को घटना में संलिप्त 02 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

बाल अपचारियों को थाना अहमदगढ पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए बाल सम्प्रेक्षण ग्रह भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. 02 बाल अपचारी

बरामदगी-

1. 02 मोबाइल फोन(घटना मे प्रयुक्त)

बाल अपचारियों द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि उनके द्वारा इंस्टाग्राम पर रील देखकर व्यापारी से फोन कर व व्हाटसएप पर ऑडियो क्लिप भेजकर 20 लाख रुपये की मांग की गयी थी।

स्वाट टीम-

1- श्री राहुल चौधरी, प्रभारी स्वाट टीम

2- है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 मौ0 आरिफ, का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 सचिन चौहान, का0 श्याम सुंदर

थाना अहमदगढ पुलिस टीम-

1- श्री प्रेम चन्द् शर्मा प्रभारी निरीक्षक अहमदगढ

2- व0उ0नि0 श्री महोसिन, उ0नि0 सतीश कुमार

3- है0का विपिन, है0का0 सुनील

मीडिया सेल बुलंदशहर